जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

ہمارا وطن ہفت روزہ

देश का अपना अखबार
संस्थापित 1965

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 61 अंक-34 जयपुर, सोमवार, 8 सितम्बर, 2025 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

## सीएम शर्मा का बड़ा फैसला : 2 लाख एलईडी स्ट्रीट लाइट से राजस्थान की हर गली-हर सड़क होगी जगमग

**जयपुर (हमारा वतन)** राज्य सरकार की ओर से प्रदेशवासियों के लिए बड़ी सौगात दी गई है। रविवार को हुई मंत्रिपरिषद् की बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नगरीय क्षेत्रों की रात्रिकालीन सुरक्षा, ऊर्जा बचत और बेहतर यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए बजट 2025-26 में प्रस्तावित 1 लाख एलईडी स्ट्रीट लाइटों की संख्या बढ़ाकर अब 2 लाख करने का अहम निर्णय लिया है। शर्मा ने कहा कि हमारा संकल्प है कि प्रदेश की हर सड़क, हर मोहल्ला और हर बाजार रोशनी से जगमगाए। यह केवल रोशनी का कार्य नहीं, बल्कि सुरक्षित और आधुनिक राजस्थान के निर्माण की दिशा में एक ठोस कदम है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि त्योहारी सीज़न को देखते हुए इस कार्य की शुरुआत दीपावली से पूर्व की जाए, ताकि प्रदेश की सड़कें और भी उज्जवल दिखाई दें।

राज्य की 312 नगरीय निकायों में बढ़ती आबादी और क्षेत्रीय विस्तार को देखते हुए आधुनिक प्रकाश व्यवस्था



अनिवार्य है। इसीलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विज़न के अनुरूप पुरानी और कमज़ोर लाइटों को हटाकर नई एलईडी लाइटें लगाई जाएंगी। यह निर्णय न केवल शहरों की सूरत बदलेगा, बल्कि नागरिकों के जीवन में सुरक्षा और सहजता का भाव भी जोड़ेगा। यह पहल ऊर्जा की बचत करेगी, दुर्घटनाओं में कमी लाएगी और लोगों को रात के समय भी सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार विभाग अतिशीघ्र प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर इस कार्य को शुरू करेगा ।

उल्लेखनीय है कि स्वायत्त शासन विभाग द्वारा शहर चलो अभियान के तहत 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक राज्य की सभी नगरीय निकायों में नई स्ट्रीट लाइट लगाने और बंद लाइट को चालू करने का कार्य भी किया जाएगा। इसी के साथ ही स्वायत्त शासन विभाग द्वारा नगरीय निकायों में आमजन की स्ट्रीट लाइट, पेयजल, सड़क से संबंधित शिकायतों और सुझाव के लिए राज्य स्तरीय हेल्पलाइन नंबर 181 भी जारी किया गया है।

## मीरा हॉस्पिटल में हो रहा तुलसी के पौधों का निःशुल्क वितरण

**जयपुर (हमारा वतन)** शिव मार्ग, बनी पार्क जयपुर स्थित मीरा हॉस्पिटल में तुलसी के पौधों का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित नैतिक शिक्षाविद, आध्यात्मिक चिंतक, प्रेरक एवं मार्गदर्शक आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया ने बताया कि आप अपने घर में राम तुलसी के पौधे लगाइए और अपने परिवार का स्वास्थ्य अच्छा बनाइए। तुलसी एक पवित्र पौधा होता है और हर हिन्दू घर में इसको लगाना चाहिए। तुलसी के पौधों का निःशुल्क वितरण प्रतिदिन प्रातः 6:00 बजे से लेकर सायं 6:00 बजे तक किया जायेगा। आप जितने चाहे उतने पौधे अपने घर निःशुल्क ले जा सकते हैं और अपने पड़ोसियों को भी बांट सकते हैं। डॉ. मीरा पाटोदिया ने पौधे वितरण का कार्य 50 वर्ष पहले शुरू किया था और आज भी निरंतर चल रहा है।







## कुंवर विजयसिंह कच्छवाहा को मिला मेवाड़ लोकरत्न सम्मान

**उदयपुर (हमारा वतन)** वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता कुंवर विजयसिंह कच्छवाहा को राष्ट्रीय लोक अधिकार मंच की ओर से मेवाड़ लोक रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया । उन्हें सामाजिक कार्य परिवार परामर्श कार्य, जन सेवा कार्य, पारिवारिक मूल्यों के संरक्षण में विशेष योगदान के लिये यह सम्मान दिया गया है ।

कच्छवाहा अनेक जन समाज धर्म सेवी संगठनों संस्थाओं के समर्पित कार्यकर्ता होने के साथ फैडरेशन ऑफ एनजीओ राजस्थान प्रदेश महासचिव एवं श्रीमेवाड़ सगसजी लोकसेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष हैं ।

इस अवसर पर पूर्व न्यायाधिश एवं शासन सचिव डॉ. बसंती लाल बाबेल, समाजसेवी प्रताप सिंह तलावदा , राजस्थान बार काउंसिल चेयरमैन राव रतन सिंह, बार एसोसिएशन महासचिव महावीर प्रसाद शर्मा, डॉ. करण सिंह मोगरा, एडवोकेट भरत कुमावत सहित जानी मानी विभूतियां उपस्थित थी।

## एनआईआरएफ रैंकिंग में इग्नू को मिला प्रथम स्थान

**जयपुर (हमारा वतन)** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) को नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) द्वारा मुक्त विश्वविद्यालयों की श्रेणी में प्रथम स्थान से नवाजा है। डॉ. ममता भाटिया, वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक, क्षेत्रीय केन्द्र, जयपुर ने बताया कि एनआईआरएफ की ओर से जारी रैंकिंग में भारत के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों की शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया है। इस श्रेणी में दूसरे स्थान पर कर्नाटक राज्य मुक्त विश्वविद्यालय तथा तीसरे स्थान पर राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने जगाई बनायी है। लगातार दूसरी बार मुक्त विश्वविद्यालयों की श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त कर इग्नू ने एक बार फिर समावेशी और ज्ञान आधारित समाज के निर्माण में मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर किया है। डॉ. ममता भाटिया ने बताया कि एनआईआरएफ दिशा निर्देशों के अनुरूप देश भर के संस्थानों में शिक्षण, सीखने और संसाधन, परिणाम, अनुसंधान और पेशेवर प्रथाएं, आउटरीच व समावेशिता तथा सहकर्मी धारणा के आधार पर रैंक का निर्धारण किया जाता है। इग्नू की कुलपति प्रो. उमा कांजीलाल ने यह सम्मान प्राप्त किया तथा देशभर के सभी क्षेत्रीय केन्द्रों, अध्ययन केन्द्रों तथा मुख्यालय पर उपस्थित कर्मचारियों एवं अधिकारियों को बधाई दी और कहा कि यह सम्मान इग्नू के





प्रत्येक कर्मचारी एवं अधिकारी की मेहनत एवं कर्तव्यनिष्ठता का ही परिणाम है। भारत और विदेशों में फैले अपने विशाल शिक्षार्थी आधार के साथ, यह विश्वविद्यालय देश के सबसे बड़े मुक्त विश्वविद्यालय के रूप में अपनी सेवा प्रदान करने के लिए शिक्षण और प्रौद्योगिकी में निरंतर नवाचार कर रहा है। विश्वविद्यालय ने जुलाई 2025 सत्र में प्रवेश प्रक्रिया आरंभ कर दी है। नये प्रवेश तथा पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 सितम्बर, 2025 निर्धारित की गई है। प्रवेश संबंधित अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.ignou.ac.in/ देख सकते है।

## तेजा दशमी पर मोरीजा ग्राम में निकली तेजाजी महाराज की शोभायात्रा



**चौमूं (हमारा वतन)** लोक देवता वीर तेजाजी महाराज की जयंती पर ग्राम मोरीजा में तेजाजी महाराज की झांकी और शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई । ग्राम पंचायत मोरीजा प्रशासक मंगलचंद सैनी ने झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया । शोभायात्रा का अहीरों की ढाणी स्थित वीर तेजाजी महाराज मंदिर में समापन हुआ । इस दौरान पुजारी मंगलचंद यादव , छुट्टन यादव,मालीराम यादव, एमबी होटल के डायरेक्टर मदन लाल शर्मा, कमलेश संत, सुल्तान गुर्जर, सुरेश जांगिड़, लाल चन्द, मुकेश, सुरेश, महेश आदि लोग उपस्थित रहे ।

## शाहपुरा विधायक की माँग पर क्षेत्र को मिली बड़ी सौगात

**शाहपुरा (हमारा वतन)** विधायक मनीष यादव की माँग पर क्षेत्र के पाँच गाँवों राड़ावास, मारखी, खोरालाड़खानी, खोरी एवं घासीपुरा में अतिरिक्त उचित मूल्य की दुकानों के नवसृजन की स्वीकृति जारी हुई है । गौरतलब है कि विधायक यादव ने विधानसभा के तृतीय (बजट) सत्र के दौरान कटौती प्रस्ताव एवं मानसून सत्र में क्षेत्र के पाँच गावो के राशन कार्डो की बहुलता को देखते हुए ग्रामीणों की सुविधा के लिए अतिरिक्त राशन की दुकानों के नवसृजन के लिए माँग रखी थी।



जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्र के राड़ावास, मारखी, खोरालाड़खानी, खोरी एवं घासीपुरा गाँवों में अतिरिक्त उचित मूल्य की दुकानों का नवसृजन कार्य पूर्ण हो गया है।

विधायक ने कहा कि शीघ्र ही इन दुकानों का संचालन शुरू होगा। इनके प्रारंभ होने से क्षेत्र के वरिष्ठजनों, माताओं-बहनों एवं आमजन को राशन प्राप्त करने में अधिक सुविधा मिलेगी तथा राशन वितरण के समय लगने वाली लंबी कतारों की समस्या से भी निजात मिलेगी। इससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल है तथा ग्रामीणों ने विधायक का आभार जताया।



# उपमुख्यमंत्री बैरवा ने किया समर्पण समाज गौरव 2025 अवार्ड समारोह के पोस्टर का विमोचन



**जयपुर (हमारा वतन)** मानवता व परोपकार के लिए समर्पित समर्पण संस्था द्वारा समाज व राष्ट्र हित में उत्कृष्ट काम करने वाले व्यक्तियों से ''समर्पण समाज गौरव 2025 ''अवार्ड हेतु देशभर से डाक द्वारा नामांकन प्रविष्टियाँ आमन्त्रित की गई है। जिसकी अन्तिम तिथि 15 सितम्बर 2025 है । समारोह के पोस्टर का विमोचन राजस्थान सरकार के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा ने उनके निवास पर संस्था पदाधिकारियों के साथ किया । विमोचन के अवसर पर संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या, सचिव कमल नयन खण्डेलवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सी.एल. वर्मा व विशिष्ट सदस्य रमेश कुमार बैरवा उपस्थित रहे । आगामी 09 नवम्बर को आयोजित होने वाले संस्था के 10 वें राष्ट्र स्तरीय समर्पण समाज गौरव 2025 अवार्ड समारोह में राजस्थान सरकार के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा मुख्य अतिथि होंगे । ''समर्पण समाज गौरव 2025'' अवार्ड के तहत समाज सेवा, शिक्षा, कला, खेल, महिला सशक्तिकरण, आध्यात्म, पर्यावरण , चिकित्सा,सामाजिक न्याय, साहित्य , शोध व आविष्कार, पत्रकारिता, बिज़नेस, योग ,दान व कन्टेन्ट क्रियटर आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को 16 श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा। इसमें देशभर से केवल 37 व्यक्तियों का चयन किया जायेगा । इसके साथ ही 15 प्रतिभावान युवाओं को 'समर्पण युवा जागृति 2025' अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा ।उल्लेखनीय है कि संस्था द्वारा इससे पूर्व गत वर्षों में 496 विभूतियों को समर्पण समाज गौरव अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है ।

# गरीब बेसहारा बच्चों का सहारा बनी संकल्प सोसायटी

**जयपुर (हमारा वतन)** संकल्प पे बेक टू सोसायटी के तत्वावधान में तहसील चौमूं और आसपास की तहसील के गरीब बेसहारा बच्चों को यात्री विश्रामगृह, शीतल प्याऊ डोला का बास मंडा भिंडा बस स्टैंड पर 69 बच्चों को बैग, स्टैंडर्ड क्वालिटी की पांच कॉपी, दो पेन, रबर, पेंसिल, ड्राइंग बॉक्स, स्टेशनरी के साथ ही कुल 196400 की राशि का चेक द्वारा वितरण किया गया।



संस्था के अध्यक्ष मांगीलाल मीणा के नेतृत्व मे सोसायटी द्वारा अब तक 600 बच्चों मे लगभग 35 लाख रूपये की छात्रवृति और बैग, स्टेशनरी का वितरण किया जा चुका है। कक्षा 1 से 5 तक 1100 रुपए का चेक , कक्षा 6 से आठवीं तक 2100 रुपए का चेक, 10वीं, 11वीं ,12वीं कक्षा में 2500 का चेक , फर्स्ट ईयर से लेकर एमए ,बीएसटीसी,बीएड,आईटीआई में 4100 रुपए का चेक दिया । इस मौके पर पूर्व सरपंच बाबूलाल मीणा ने सभी बच्चों, अभिभावकों और मेहमानों को जलपान करवाया। इस अवसर पर सोसायटी के प्रदेश मिडिया प्रभारी जे पी मीणा गुवारड़ी, पूर्व सरपंच हरिनारायण यादव, डेयरी अध्यक्ष प्रमोद मीणा, डॉ. श्योजी राम, नन्दलाल मीणा उपाध्यक्ष मीणा समाज चौमूं , नानग राम ढाका, श्रवण लाल आदि उपस्थित रहे।

# डॉ. एसके फगेड़िया गाँधी सेवा रत्न अवॉर्ड से हुए सम्मानित

**सीकर (हमारा वतन)** आदर्श समाज समिति इंडिया सूरजगढ़ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान समारोह में कमूल एक सहारा एनजीओ सीकर के अध्यक्ष डॉ. एसके फगेड़िया को प्रतीक चिन्ह व शॉल ओढ़ाकर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित गाँधी सेवा रत्न अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया । राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ. एसके फगेड़िया को पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण एवं समाजहित में उत्कृष्ट योगदान हेतु आदर्श समाज समिति इंडिया के अध्यक्ष धर्मपाल गाँधी एवं पूर्व समाज कल्याण बोर्ड अध्यक्ष अर्चना शर्मा के द्वारा सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम में देशभर से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षा, साहित्य, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, संस्कृति एवं खेल क्षेत्र में 132 लोगों को सम्मानित किया गया । राष्ट्रीय स्तर पर गाँधी सेवा रत्न अवॉर्ड से सम्मानित होने पर डॉ. एसके फगेड़िया ने आदर्श समाज समिति इंडिया का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि संस्थान द्वारा नवीन ऊर्जा के साथ आगे भी निस्वार्थ सामाजिक निहितार्थ जनहित कार्यक्रम निरन्तर जारी रहेंगे ।



# प्रदेश में गौशालाओं के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं का हो रहा संचालन- पशुपालन मंत्री

**जयपुर (हमारा वतन)** पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश की 3043 पात्र गौशालाओं को अनुदान प्रदान किया जाता है। इन गौशालाओं में गौवंश की संख्या में वृद्धि के आधार पर अनुदान राशि में वृद्धि की जाती है। गौशालाओं की आधारभूत सुविधाओं के लिए राज्य सरकार द्वारा पंचायत समिति स्तरीय नंदीशाला योजना जनसहभागिता योजना, ग्राम पंचायत गौशाला/पशु आश्रय स्थल जनसहभागिता योजना,गौशाला विकास जनसहभागिता योजना एवं गौकाष्ठ मशीन योजना का सञ्चालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनसहभागिता योजना के अंतर्गत 10 प्रतिशत राशि गौशाला एवं 90 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जाती है। इसी प्रकार गौशाला विकास योजना के तहत 1 लाख रूपये की राशि गौशाला एवं 9 लाख की राशि राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि गौकाष्ठ मशीन योजना के तहत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 100 गौशालाओं को गौकाष्ठ मशीनें भी प्रदान की गई है। पशुपालन मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। गौशालाओं को भूमि आवंटन के सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के आदेशानुसार यदि ग्रामीण क्षेत्रों में गौशालाओं के भूमि आवंटन के लिए उपर्युक्त सिवायचक भूमि उपलब्ध नहीं है लेकिन चरागाह भूमि की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता है। ऐसी स्थिति में गौशालाओं को चरागाह भूमि का आवंटन किया जा सकता है।



# माता-पिता (कविता)

वृद्धावस्था की दहलीज पर कदम रखते माता-पिता की
सारी जिम्मेदारी न उठा सके तो कोई बात नहीं।
आती जाती सुबह-शामों में स्नेह विभोर होकर
मां पापा आप कैसे हैं बोल देना।
शब्द यह दो होंगे मगर उम्र के तकाजे से झुकती हुई कमर
एक बारगी सीधा होने की कोशिश करेंगी।
मत उनके उम्र के तकाजे से दर्द करते हाथ पांव दबाना।
बस आती जाती सुबह शामों में स्नेह विभोर हो
मां पिताजी कैसे हैं बोल देना।
शब्द यह दो होंगे मगर दर्द करते हाथ पांव
ज्यादा ना सही घंटे दो घंटे के लिए सही हो जाएंगे।
अस्तांचल की दहलीज पर कदम रखते माता-पिता का
खाना बनाकर देने की जिम्मेदारी न
उठा सके तो कोई बात नहीं।
मरते वक्त कम से कम उनके सिरहाने तो बैठ जाना
ताकि कहने को तो अपने बाकी तो कुछ नहीं,
को छोड़कर अनन्त की यात्रा पर सुकून से जा सके।



कृष्णा धनवाड़िया
रावत,जयपुर

# पंडित रविन्द्राचार्य ने किया डॉक्टर अमरचंद शर्मा का अभिनंदन

**जयपुर (हमारा वतन)** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य ने चौमूं स्थित के.आर. मेमोरियल हॉस्पिटल निदेशक डॉक्टर अमरचंद शर्मा का भव्य अभिनन्दन किया । पंडित रविंद्र आचार्य ने बताया कि के.आर. मेमोरियल हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर अमरचंद शर्मा ने पक्षियों के लिए एक सुंदर व सुरक्षित बर्ड हाउस बनाकर एक मिसाल पेश की है । इस बर्ड हाउस का उद्देश्य है उन बेजुबानों को एक ऐसा आश्रय देना जहां वे गर्मी,बारिश और थकान से राहत पा सकें । ऐसे काम न केवल हमारे आसपास के जीव जंतुओं की सुरक्षा करते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को भी प्रकृति और कल्याण के प्रति जागरूक बनाते हैं । आचार्य ने आशीर्वाद स्वरुप बाबा श्याम का दुपट्टा पहनाकर , श्याम कलम ,श्याम इत्र देकर सम्मानित किया और इनके उज्जवल भविष्य की कामना की । इस दौरान बनवारी लाल कुमावत, डॉक्टर भावना कुमावत ,प्रीति यादव ,अनिल महेश्वरी ,अंकित शर्मा शर्मा ,जगदीश प्रसाद शर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।



# मन की बातें

घर शीशे का बनाकर पत्थर ऊछाल रहे हैं
अभी अपने आस्तीन में, सांप पाल रहे हैं
वफ़ा का हुनर हमें वो क्या सिखायेंगे
हमारे नाम से जो अपना पेट पाल रहे हैं।
सबक जो वक्त ने दिया किताबों में नहीं था
नजरों का धोखा था कोई जादू नहीं था
चली हवा तो परदा उड़ने लग गया
फिर सबने कहा वो अपना पेट पाल रहे हैं।
हम खामोश थे खामोश रह गए
बोलने वाले अब गाने लग गए
लिखने में हम माहिर जरूर थे
बोलने वाले पेट पाल रहे हैं।
ये मन की बातें थी शिकवा नहीं किया है
ये जगी हुई कुछ रातें थी उन का हाल
बताया है हम कागज पर रख कर स्याही
उबाल रहे हैं
सीने में जो आग जली है हम तो उसको
पाल रहे हैं।



विनोद शर्मा वेणु,
नेछवा, सीकर

Khadi For Nation

खादी भारत

Khadi India

Khadi For Fashion

## जॉब्स

1. भारतीय रेलवे, पद पैरामेडिकल स्टाफ, पद संख्या 434, अंतिम तिथि 18 सितंबर 2025
2. बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) पद हेड कांस्टेबल रेडियो ऑपरेटर/रेडियो मैकेनिक, पद संख्या 1121, अंतिम तिथि 23 सितंबर 2025
3. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद टीचर सेकंड ग्रेड, पद संख्या 6500, अंतिम तिथि 17 सितंबर 2025
4. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद जूनियर लीगल ऑफिसर, पद संख्या 12, अंतिम तिथि 25 सितंबर 2025
5. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद टीचर फर्स्ट ग्रेड एग्रीकल्चर, पद संख्या 500, अंतिम तिथि 3 अक्टूबर 2025
6. इंटेलिजेंस ब्यूरो, पद सिक्योरिटी अस्सिटेंट मोटर ट्रांसपोर्ट, पद संख्या 455, अंतिम तिथि 28 सितंबर 2025
7. आईबीपीएस आरआरबी, पद ऑफिस असिस्टेंट, पद संख्या 13217, अंतिम तिथि 21 सितंबर 2025
8. सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन आयुर्वेद साइंस, पद ग्रुप ए बी और सी पोस्ट, पद संख्या 389, अंतिम तिथि 22 सितंबर 2025

# खूब हंसने की आदत डाल लें, स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छी साबित होगी

किसी ने चुटकुला सुनाया तो हंस दिए, किसी ने कोई कमेंट किया तो हंस दिए, किसी ने बात कुछ इस अंदाज में कह दी कि सुनकर हंसी आ गई, ऐसा अकसर होता है। अगर आप कम हंसते हैं तो आप भी खूब हंसने की आदत डाल लें, क्योंकि यह अच्छी आदत आपके स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छी साबित होती है। इसलिए किसी खास बात पर प्रतिक्रिया जताने के लिए ही न हंसें, बल्कि जब मौका लगे तो खूब हंसें और ऐसे लोगों को भी प्रोत्साहित करें, जो हंसाते हैं।

**चेहरे की चमक बढ़ाए-** जब हम खिलखिलाकर हंसते हैं तो हमारे चेहरे की विभिन्न मांसपेशियों में एक खिंचाव आ जाता है। उनमें प्रमुख हैं जबड़े की मांसपेशियां। यह खिंचाव हमारे चेहरे की चमक को बरकरार रखने में मददगार होता है।

**रक्त संचार सुधारे-** हंसने से हमारे शरीर के विभिन्न अंगों में रक्त का संचार तेजी से होता है। यह भी हमारे शरीर के लिए बहुत लाभदायक होता है। यह चेहरे और त्वचा के साथ-साथ बालों की चमक में भी वृद्धि करता है और आपको खुश भी रखता है।

**पाचन क्रिया रखे दुरुस्त** -हंसने से हमारी सांस लेने की प्रक्रिया में तेजी आती है, जिससे हमारी पाचन क्रिया ठीक रहती है।

**बेहतरीन व्यायाम** -ऐसा माना जाता है कि जब हम हंसते हैं तो 45 मिनट के बाद तक भी हमारा शरीर बड़ा सहज रहता है। यह ऐसा व्यायाम है, जिससे आपके जबड़े की मांसपेशियों, पेट और सीने सभी का एक साथ व्यायाम हो जाता है।

**गुस्सा और तनाव करे दूर** -हंसने की क्रिया हमारे शरीर में ताजगी का संचार करती है। जब आप कोई गंभीर फिल्म या धारावाहिक देखते हैं तो देखने के बाद सिर एवं बदन भारी-भारी सा लगता है और थकान भी महसूस होती है। इसके उलट हंसी-मजाक वाली फिल्म देखने के बाद एकदम ताजगी का एहसास होता है। ऐसी फिल्में आपको निराशा, नाराजगी और गुस्से से भी दूर करती हैं।

**सकारात्मक हार्मोन बढ़ाए-** हंसना हमारे तनाव वाले हार्मोन यानी कोर्टिसोल और एड्रेनालाइन हार्मोन को कम करता है और हमारे शरीर में तनाव कम करने वाले हार्मोन यानी बीटा एंडोर्फिन को बढ़ाता है। हंसने से शरीर में सकारात्मक हार्मोन का भी निर्माण तेजी से होता है, जिससे हमारी छोटी या हल्की बीमारियों का स्वतः ही खात्मा हो जाता है। इससे हमारी सोचने और काम करने की क्षमता भी बढ़ जाती है।

**मन को बनाए स्वस्थ**-हम सब जानते हैं कि अच्छे शारीरिक स्वास्थ्य के लिए मन का स्वस्थ होना बहुत जरूरी है और विशेषज्ञ कहते हैं कि मन के बेहतर स्वास्थ्य के लिए हंसना बहुत जरूरी है। हंसने से व्यक्ति मानसिक रूप से तरोताजा महसूस करता है, जिससे उसकी मानसिक क्षमता में वृद्धि होती है। इससे हमारी याददाश्त अच्छी होती है, सजगता बढ़ती है, दृष्टिकोण में भी विस्तार आता है। इतना ही नहीं, हंसना हमें दर्द में आराम देता है और स्थितियों से निबटने के लिए साहस भी बढ़ाता है।

**अच्छा व्यायाम भी है हंसना-** यह हम सब जानते हैं कि व्यायाम अच्छे स्वास्थ्य का परिचायक है, लेकिन यह बात कुछ ही लोग



स्वीकार कर पाते हैं कि हंसना भी एक अच्छा व्यायाम है। इसे सबसे अच्छा व्यायाम तो माना ही जाता है, यह आसान भी है। हंसने से शारीरिक, मानसिक और सामाजिक सभी तरह की सेहत पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यहां तक कि कुछ लोग तो इसे लाफ्टर मेडिसिन भी कहने और मानने लगे हैं।

**समूह में हंसना बेहतर** -अकेले हंसने से बेहतर है समूह में हंसना, क्योंकि समूह में ज्यादा खुलकर हंसा जा सकता है। वैसे भी जब कोई हंसता है तो उसे देखकर दूसरे के चेहरे पर भी हल्की-सी मुस्कराहट तो आ ही जाती है।

**लाफिंग क्लब के लोग-** आज के दौर में हंसने के महत्व का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि आजकल महानगरों में अन्य क्लबों के समान लाफिंग क्लब भी खुलने लगे हैं। यहां लोग दिल खोलकर समूह में हंसते हैं और शारीरिक व मानसिक रूप से स्वास्थ्य लाभ पाते हैं।

अब तो योग-ध्यान आदि करने वाले लोग भी हंसने के व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करने लगे हैं। तभी तो योग स्थल के आगे से निकलने पर भी अकसर हंसने की काफी तेज आवाजें सुनायी देती हैं।

**हंसने के लिए अन्य उपाय-** वैसे तो हंसने के लिए फनी बुक्स, चुटकुले, वीडियो का इस्तेमाल किया जाता है, पर अब इस फेहरिस्त में हाई टेक चीजों का भी काफी प्रयोग हो रहा है। फेसबुक, वॉट्सएप पर भी फनी टेक्स्ट्स, इमेजेज और वीडियो खूब शेयर किए जाते हैं।

शायद यह हंसने के सकारात्मक प्रभाव का ही असर है कि आजकल एंटरटेनमेंट चैनल्स, कॉमेडी मूवीज और कॉमेडी प्रोग्राम्स की लोकप्रियता भी खूब बढ़ रही है यानी आप हंसने के लिए इनका भी लाभ ले सकते हैं।

## बॉलीवुड चटकारा




# तान्या मित्तल

## ऐश्वर्या राय से भी ज्यादा खुद को खूबसूरत मानती हैं तान्या मित्तल वायरल हो रहा है पुराना वीडियो



***बिग बॉस 19 में तान्या मित्तल का पुराना वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वो खुद को ऐश्वर्या राय बच्चन से भी ज्यादा खूबसूरत बता रही हैं। शो के दौरान भी उनके ऐसे ही अजीब बयान वायरल हो रहे हैं।***

बिग बॉस 19 की धमाकेदार शुरुआत के बाद से कंटेस्टेंट्स ऑडियंस के बीच अपनी पहचान बनाने की कोशिश में जुटे हुए हैं। इस बीच जिस कंटेस्टेंट ने सबसे ज़्यादा सुर्खियां बटोरी हैं, वो हैं सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर और एंटरप्रेन्योर तान्या मित्तल। घर के अंदर उनके नखरे, हाई-मेंटेनेंस लाइफस्टाइल और बिंदास बयान खूब वायरल हो रहे हैं। इसी बीच तान्या का एक पुराना वीडियो इंटरनेट पर छा गया है, जिसमें वह अपने अजीबोगरीब सपनों और पर्सनल लाइफ के बारे में खुलकर बात करती नजर आ रही हैं।दरअसल, 2022 में तान्या जॉश टॉक पर पहुंची थीं, जहां उन्होंने मोटिवेशनल स्पीच दी थी। इस दौरान उन्होंने बताया था कि बचपन में उनके बहुत अजीब सपने आते थे। उन्होंने कहा था, 'मैंने सपना देखा था कि मैंने अंबानी का बिज़नेस संभाल लिया है, सुष्मिता सेन ने अपना क्राउन मुझे दे दिया है और मैं ऐश्वर्या राय से भी ज्यादा खूबसूरत हूं।' लेकिन ये कैसे हो सकता है? तान्या ने यह भी कहा कि जब उन्होंने अपने सपनों के बारे में मां-बाप को बताया तो उनकी मां को लगा कि उनके दिमाग में कोई गड़बड़ है।




# रणबीर कपूर की रामायण में मंथरा बनेंगी शीबा चड्ढा, बोलीं- पता नहीं था कि...



रणबीर कपूर की रामायण में मंथरा का किरदार निभा रहीं शीबा चड्ढा ने फिल्म को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि जब वो फिल्म की शूटिंग कर रही थीं तो उन्हें नहीं पता था कि ये महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट होगा। रणबीर कपूर की फिल्म रामायण में बॉलीवुड के कई चेहरे नजर आनेवाले हैं। इन चेहरों में एक चेहरा है शीबा चड्ढा का। शीबा चड्ढा फिल्म में मंथरा का किरदार निभाती नजर आएंगी। शीबा चड्ढा ने फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा कि जब वो फिल्म शूट कर रही थीं तब उन्हें नहीं पता था कि वो इतने महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि हर कोई उनसे रामायण के बारे में ही पूछता है। बातचीत में शीबा चड्ढा ने कहा, हर जगह हर कोई रामायण के बारे में पूछता है। जब मैं ये शूट कर रही थी, तब मुझे नहीं पता था कि ये प्रोजेक्ट इतना महत्वाकांक्षी है। इसे लेकर लोगों में उत्सुकता चरम पर है। मेरा छोटा सा रोल है, लेकिन फिल्म पर काम करके मजा आया। मेरा ज्यादातर काम लारा दत्ता के साथ था।शीबा के काम की बात करें तो वो काजोल की सीरीज ट्रायल 2 में नजर आएंगी। ट्रायल 2 में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए शीबा चड्ढा ने कहा, मालिनी एक मजबूत किरदार है जो अपनी बात पर अडी रहती है। लेकिन इस बार आप उनके अलग शेड्स भी देखेंगे। रणबीर कपूर की रामायण को नितेश तिवारी डायरेक्ट कर रहे हैं। रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में नजर आएंगे।

# क्या ईशा मालवीय को फिर से कर रहे हैं डेट? अभिषेक ने किया साफ- हम दोस्त भी नहीं हैं



***ईशा मालवीय और अभिषेक कुमार के साथ में काम करने के बाद लोग पूछ रहे हैं कि क्या ईशा और अभिषेक फिर से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। अब अभिषेक कुमार ने खुद इस सवाल का सीधा-सीधा जवाब दे दिया है।***

बिग बॉस 17 के घर में नजर आए ईशा मालवीय और अभिषेक कुमार का रिश्ता उस सीजन से ही चर्चा में हैं। दोनों घर के अंदर एक्स बॉयफ्रेंड और गर्लफ्रेंड के तौर पर गए थे। हालांकि, शो की शुरुआत में दोनों के बीच एक केमिस्ट्री देखने को मिली थी। हालांकि, धीरे-धीरे दोनों की रिश्ते खराब हो गए और घर से बाहर आने के बाद दोनों एक दूसरे से बात नहीं कर रहे थे। अब एक बार फिर ईशा मालवीय और अभिषेक को साथ में देखा जा रहा है। ऐसे में लोग पूछ रहे हैं कि क्या दोनों एक दूसरे को फिर से डेट कर रहे हैं? अब अभिषेक कुमार ने खुद इस बात का जवाब दे दिया है। **ईशा को डेट कर रहे हैं अभिषेक-** खास बातचीत के दौरान अभिषेक से कहा गया कि लोग जानना चाहते हैं कि क्या वो ईशा मालवीय को फिर से डेट कर रहे हैं? इस सवाल के जावब में अभिषेक ने साफ किया कि वो और ईशा एक दूसरे को डेट नहीं कर रहे हैं। अभिषेक ने ये भी कहा कि वो दोनों दोस्त भी नहीं हैं। **बताया क्यों कर रहे साथ में काम**-अभिषेक ने कहा, हम दोनों कोऑर्डियल हैं, दोस्त नहीं हैं। को-वर्कर्स, को-एक्टर्स...हम केवल सेट पर बात करते हैं। अभिषेक ने कहा कि यहां पैसे की बात नहीं थी। कारण ये था कि जिन लोगों ने मुझे यहां तक पहुंचाया है, उनको मना कर पाना कठिन था। अभिषेक ने कहा कि हम दोनों एक गाना कर चुके हैं साथ में। एक दूसरे के साथ ऐसा नहीं लग रहा था कि असहज हो रहे थे।

टिकिट

**हमारा वतन**
**खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।**
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## सम्पादकीय.....

# बारिश और बाढ़ से हम बेहाल

उत्तर और पश्चिम भारत इन दिनों लगातार बारिश और बाढ़ से हलकान है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पंजाब जैसे तमाम राज्यों में यह चौथा हफ्ता है, जब सामान्य से अधिक बरसात दर्ज की गई है। मौसम विभाग का मानना है कि अभी दो दिन और देश के कई हिस्सों में भारी बारिश होने वाली है।आखिर इतनी अधिक बरसात क्यों हो रही है? मौसम विभाग दो बार मानसून को लेकर आकलन जारी करता है- पहली बार अप्रैल में और दूसरी बार पूर्व के आंकड़ों में सुधार करते हुए मई में। इस साल दोनों ही बार मौसम विभाग ने सामान्य से 104 से 106 प्रतिशत अधिक पानी बरसने का अनुमान लगाया था। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि भारत में मानसूनी बारिश की वजह बनने वाली दोनों प्रणालियां (एक, बंगाल की खाड़ी में बनने वाला कम दबाव का क्षेत्र व दूसरा, प्रशांत महासागर से उठने वाले उष्णकटिबंधीय चक्रवात का गुजरना) सक्रिय हैं। नतीजतन, उत्तराखंड, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, यहां तक कि उत्तरी पाकिस्तान तक अत्यधिक बारिश का सिलसिला जारी है। इस साल उत्तर भारत की नदियों में स्थानीय स्तर पर हो रही बारिश का पानी तो समा ही रहा, ऊपर पश्चिमी तिब्बत के हिस्सों में भी बादल खूब बरस रहे हैं, जहां सिंधु नदी का जलग्रहण क्षेत्र है। इस कारण सिंधु नदी प्रणाली में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। गंगा और यमुना की सहायक नदियों का भी यही हाल है। अब तो निम्न दबाव के क्षेत्र के पश्चिम की ओर बढ़ने से गुजरात और राजस्थान जैसे इलाके भी मूसलाधार बारिश की चपेट में हैं। इतना ही नहीं, 8 और 9 सितंबर को बंगाल की खाड़ी में एक और निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है। वह भी खूब बरसेगा। इसका अर्थ है कि अगले कुछ दिन हमें राहत नहीं मिलने वाली।दिक्कत यह है कि 'ग्लोबल वार्मिंग' का भी इसे साथ मिल रहा है। इसकी वजह से बारिश की आवृत्ति और तीव्रता बढ़ गई है। दरअसल, वैश्विक गर्मी में यदि एक फीसदी की बढ़ोतरी होती है, तो वायुमंडल में नमी सोखने की दर सात फीसदी तक बढ़ जाती है। अभी ग्लोबल वार्मिंग डेढ़ डिग्री सेल्सियस तक बढ़ चुकी है, जिसका अर्थ है कि आबोहवा की जल थामने की क्षमता पहले से ही 10 प्रतिशत बढ़ चुकी है। इस पर मुश्किल यह कि हिमाचल, उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों में दो से तीन डिग्री तक गर्मी बढ़ चुकी है, जिसका अर्थ है, वहां हवा में नमी 15-20 प्रतिशत बढ़ चुकी है। यही नमी बेहिसाब बारिश की वजह बन रही है और कभी-कभी बादल फटने के रूप में सामने आ रही है।पहाड़ों पर अनियोजित विकास से नुकसान कहीं अधिक बढ़ रहा है। मिसाल के तौर पर, हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र को चोट पहुंचाने, जल-विद्युत परियोजनाओं पर जोर देने, जलग्रहण क्षेत्र बनाने, खनन, निर्माण-कार्यों में विस्फोटकों के इस्तेमाल आदि से यहां के पहाड़ लगातार कमजोर हो रहे हैं। इस कारण तेज बारिश होते ही भू-स्खलन होने लगता है। पिछले तीन-चार वर्षों से ये नुकसान बढ़े हैं, फिर भी हम जरूरी उपाय नहीं कर रहे, जिसके कारण जान-माल की हानि हर साल की कहानी बनने लगी है।वैसे, मुश्किलें मैदानी इलाकों में भी कम नहीं हैं। गुरुग्राम में महाजाम की खबर तो दो दिन तक सुर्खियों में थी। मैदानी इलाकों में जलभराव बड़ी समस्या बनकर सामने आता है और पांच सेंटीमीटर बारिश भी सड़कों को पूरी तरह डूबो देती है। चूंकि जल-निकासी की प्राकृतिक व्यवस्था बहुमंजिली इमारतों की भेंट चढ़ चुकी है, इसलिए बारिश होते ही जलभराव और सड़कों पर जाम भारतीय शहरों की नियति बन चुकी है।कुछ लोग सवाल करते हैं कि केरल आते और जाते, दोनों मानसून से खूब भीगता है, मगर वहां से ऐसी खबरें क्यों नहीं आतीं? इसकी वजह उसकी भौगोलिक स्थिति है। केरल पश्चिमी घाट पर स्थित है, इसलिए वहां से पानी तुरंत निकल जाता है।


राम गोपाल सैनी

## शिव पार्थिव महारुद्राभिषेक एवं महाआरती का हुआ आयोजन

# 31 जोड़ो ने किया पार्थिव शिवलिंग का पूजन

**जयपुर (हमारा वतन)** रेलवे स्टेशन रोड चौमूं, श्याम कॉलोनी स्थित श्याम मंदिर में शिव पार्थिव महारुद्राभिषेक एवं महाआरती का आयोजन महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 बालक दास महाराज एवं आचार्य पंडित रामस्वरूप शर्मा के सानिध्य में संपन्न हुआ।

इस दौरान विद्वानों द्वारा मंत्र उच्चारण कर 31 जोड़ो ने पार्थिव शिवलिंग का पूजन किया । कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, सर्व समाज जाग्रति संघ के अध्यक्ष सुरेश चन्द शर्मा, चौमूं थाना अधिकारी प्रदीप शर्मा, भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य, बिंदु महाराज, राम चरण दास खेड़ापति धाम अतिथि के रूप में उपस्थित हुए ।आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत माला एवं दुपट्टा पहनाकर किया । कार्यक्रम में हजारीलाल शर्मा, कैलाश तिवारी, मेघराज शर्मा, विनोद शर्मा, कृपा शंकर शर्मा, अशोक रेवड़का, हरिओम शर्मा, माखनलाल शर्मा, पार्षद संदीप शर्मा, राहुल शर्मा, विनोद शास्त्री, अमित शास्त्री, जयप्रकाश शर्मा, बद्री प्रसाद यादव ,संदीप शर्मा, मोहित शर्मा, सीमा शर्मा, मीना शर्मा, सरला शर्मा, ममता शर्मा, सिंपल शर्मा और बड़ी संख्या में शिव भक्त उपस्थित रहे । कार्यक्रम का मंच संचालन एडवोकेट अजय शर्मा ने किया । उपस्थित सभी लोगों ने कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की ।

**पंडित रामस्वरूप शर्मा को मिला विद्वान पंडित सम्मान**- कार्यक्रम के मध्य आयोजक आचार्य पंडित रामस्वरूप शर्मा को सनातन धर्म को लेकर आयोजन करने पर सर्व समाज जाग्रति संघ के संस्थापक अध्यक्ष सुरेश चन्द शर्मा ने 'विद्वान पंडित सम्मान' प्रदान किया । सम्मानस्वरूप संघ का दुपट्टा और दक्षिणा प्रदान की । यह सम्मान पंडित रामस्वरूप शर्मा द्वारा मधुर





वाणी से अनुष्ठान, पूजा पाठ, विवाह संस्कार करवाने और संस्कृत भाषा पर अच्छी पकड़, सर्व समाज को साथ लेकर चलने के गुण होने और सभी समाजों में सनातन धर्म की रक्षा करने की अलख जगाने पर दिया गया।

# राधाष्टमी पर मैया यशोदा तेरा कन्हैया सीजन -2 का हुआ आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)** प्रथम कदम फाउंडेशन ने राधाष्टमी पर मैया यशोदा - तेरा कन्हैया सीजन -2 इवेंट का आयोजन प्रतिष्ठा बैंक्वेट में किया गया । लोगों ने बढ़ चढ़कर पार्टिसिपेट किया। बच्चे राधा किशन बने, वहीं पर माताएँ यशोदा मैया बनी । इस इवेंट में कृष्ण लीला, कृष्ण यशोदा की अठखेलियाँ, कृष्ण राधा की प्रेम लीला आदि पर नृत्य प्रस्तुत किए गए । राधा कृष्ण पर गाने भी गाये गए । प्रथम कदम फाउंडेशन के फाउंडर एंड डायरेक्टर डॉ. पीयूष शाह और फाऊंडर डायरेक्टर कविता पंजवानी ने एस्ट्रोलॉजर सुरभि गुप्ता को प्रथम कदम फाउंडेशन की ब्रांड एंबेसडर , डॉ. भूमिका को प्रथम कदम फाउंडेशन का ब्रांड आइकॉन , वर्षा सहगल को ब्रांड जूरी बनाया गया । शिवानी सिंह शो स्टॉपर बनायी गई । इस प्रोग्राम मे गणमान्य अतिथि विकास जैन (मैनेजिंग डायरेक्टर जे के मसाले), मनोज मुद्गल (चेयरमैन अतिक्रमण निरोधक नगर निगम) सुभाष गोयल, जे डी माहेश्वरी, रीमा शाह , अंशु शर्मा , मनीषा सिंह , रेशमा ख़ान, स्नेहलता भारद्वाज , मनप्रीत तनेजा , मीना श्रीवास्तव, मनीष शर्मा , कृष कुमार , आदित्य शर्मा , मनोज पुनवानी, शिवम अग्रवाल ,दीपेंद्र सिंह, मोहित अग्रवाल , रोहित शर्मा , महेश बब्बर, गिनी मेकओवर , जया रमेश, अकबर ख़ान, डॉ. विनोद शाह , विक्रम सिंह तोमर , दीपक वर्मा मौजूद रहे । प्रथम कदम फाउंडेशन ऐसे चैरिटेबल प्रोग्राम आगे भी करते रहेंगे ।









# प्रहार राज फाउंडेशन टीम ने विधायक रविन्द्र सिंह भाटी से की मुलाकात

**जयपुर (हमारा वतन)** प्रहार राज फाउंडेशन, जयपुर के संस्थापक तुषार योगी एवं फाउंडेशन के सक्रिय सदस्य पवन शर्मा (वैभव) ने शिव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रविन्द्र सिंह भाटी से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान फाउंडेशन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और कौशल विकास के क्षेत्र में चलाए जा रहे सामाजिक अभियानों की जानकारी दी गई। साथ ही संगठन द्वारा गरीब और जरूरतमंद बच्चों के लिए छात्रवृत्ति, निःशुल्क अध्ययन सामग्री एवं सामाजिक उत्थान कार्यों की योजनाओं पर चर्चा की गई। विधायक रविन्द्र सिंह भाटी ने प्रहार राज फाउंडेशन के कार्यों की सराहना करते हुए समाज सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ते रहने की शुभकामनाएँ दीं और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।